Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



कक्षा - 11

व्यवसाय अध्ययन

व्यवसाय के आधार – 1

अध्याय-5
व्यवसाय की उभरती पद्धतियाँ

भाग – 1

ई-व्यवसाय का अर्थ एवं कार्यक्षेत्र

रूचिका सैनी

Under CSR Support by
ipca | Foundation

विवरण (Overview)

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



1. ई-व्यवसाय
2. ई-व्यवसाय का कार्यक्षेत्र
3. ई-वाणिज्य का लाभ
4. ई-व्यवसाय की सीमाएँ
5. पारंपरिक व्यवसाय एवं ई-व्यवसाय में अंतर
6. ई-व्यवसाय प्रक्रिया
7. ई-लेनदेनों की सुरक्षा एवं बचाव

Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



ई-व्यवसाय का अर्थ

ई-व्यवसाय को ऐसे उद्योग, व्यापार और वाणिज्य के संचालन के रूप में परिभाषित किया जा सकता है जिसमें कम्प्यूटर नेटवर्क का प्रयोग किया जाता है। सामान्य शब्दों में, इंटरनेट का प्रयोग करते हुए किया जाने वाला व्यवसाय 'ई-व्यवसाय' कहलाता है।

Under CSR Support by
ipca | Foundation



missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

ई-व्यवसाय बनाम ई-कॉमर्स

आधार	ई-व्यवसाय	ई-कॉमर्स
व्यापकता	यह अधिक व्यापक है।	यह तुलनात्मक कम व्यापक है। यह ई-व्यवसाय में शामिल है।
गतिविधियाँ	ई-व्यवसाय न केवल ई-कॉमर्स वरन् व्यवसाय द्वारा इलेक्ट्रॉनिक माध्यम द्वारा संचालित अन्य कार्यों यथा - प्रबंध, उत्पाद विकास, मानव संसाधन को भी शामिल करता है।	यह एक फर्म के अपने ग्राहकों को और पूर्तिकर्ताओं के साथ इंटरनेट पर पारस्परिक संपर्क को शामिल करता है।

Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

व्यवसाय

ई-व्यवसाय का कार्यक्षेत्र

I	फर्म से फर्म कॉमर्स
II	फर्म से ग्राहक कॉमर्स
III	अंत: बी कॉमर्स
IV	ग्राहक से ग्राहक कॉमर्स

Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



फर्म ——— फर्म

I फर्म से फर्म कॉमर्स

- इस प्रकार के लेन-देनों में शामिल दोनों पक्ष व्यावसायिक फर्में है, इसलिए इसे फर्म से फर्म अर्थात् व्यवसाय से व्यवसाय (B 2 B) नाम दिया गया है।
- ऐतिहासिक रूप से ई-कॉमर्स शब्द का मूल आशय इलेक्ट्रॉनिक डाटा अंतर्विनियम (E.D.I.) तकनीक का प्रयोग कर व्यावसायिक प्रलेखों, जैसे क्रय आदेशों अथवा बीजकों को भेजकर एवं प्राप्त कर फर्म से लेन-देनों को सुगम बनाना है।

Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

फर्म से फर्म




☛ उपयोगिता सृजन अथवा मूल्य सुपुर्दगी के लिए किसी व्यवसाय को अन्य अनेक व्यावसायिक फर्मों से पारस्परिक संवाद करना होता है, जो कि पूर्तिकर्ता अथवा विविध आगतों के विक्रेता हो सकते है जिसके द्वारा फर्म अनेक उत्पादों को उपभोक्ताओं तक पहुँचाती है।

Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

☛ एक फर्म अपनी वितरण प्रणाली को बेहतर बनाने और उसमें सुधार लाने के लिए अपने स्टॉक की आवाजाही पर वास्तविक नियंत्रण रख सकता है। साथ ही वह विभिन्न स्थानों पर स्थित मध्यस्थों को भी नियंत्रित कर सकता है।





Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



उदाहरण :

- एक ऑटोमोबाइल उत्पादनकर्ता को ऐसी स्थिति में अधिक संख्या में कलपुर्जों के संग्रहण की आवश्यकता होगी, जब वह कहीं और ऑटोमोबाइल फैक्ट्री के आस-पास या फिर विदेश में निर्मित होते है। एक पूर्तिकर्ता पर निर्भरता समाप्त करने के लिए ऑटोमोबाइल फैक्ट्री को अपने प्रत्येक कलपुर्जे के लिए एक से अधिक विक्रेता खोजने होंगे।


Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

- कम्प्यूटर नेटवर्क का प्रयोग क्रय आदेश देने, उत्पादन के निरीक्षण और कलपुर्जों की सुपुर्दगी और भुगतान करने के लिए किया जाता है।



Under CSR Support by
ipca | Foundation



फर्म → ग्राहक

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

II फर्म से ग्राहक कॉमर्स

इसमें एक छोर पर व्यावसायिक फर्म और दूसरे छोर पर ग्राहक होते है।

- फर्म से ग्राहक कॉमर्स में विपणन गतिविधियाँ यथा - गतिविधियों को पहचानना, संवर्द्धन और कभी-कभार उत्पादों की ऑनलाईन सुपुर्दगी का विस्तृत क्षेत्र शामिल होता है।

Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER




- ई-कॉमर्स में फर्म को ग्राहक से व्यवसाय में हर समय अपने ग्राहकों के संपर्क में रहना संभव बनाता है। कंपनियाँ यह जानने के लिए कि कौन क्या खरीद रहा है और ग्राहक संतुष्टि का स्तर क्या है, ऑनलाइन सर्वेक्षण करा सकती है।
- इस गतिविधि का एक परिणाम "ग्राहक से फर्म कॉमर्स" भी है जो ग्राहकों को इच्छानुसार खरीददारी की स्वतंत्रता उपलब्ध कराती है।

Under CSR Support by ipca | Foundation

सीखने के प्रतिफल (Learning Outcome)

missiongyan



ई-व्यवसाय का अर्थ एवं कार्यक्षेत्र



1 "ई-व्यवसाय" में व्यवसाय किसके आधार पर किया जाता है?

अ इंटरनेट (ञ)

ब इंटरसिटी

स इंटरचेंज

द इलेक्ट्रिसिटी



2 ई-व्यवसाय के किस कार्यक्षेत्र में फर्म व ग्राहक संपर्क होता है।

B2C

अ फर्म से उपभोक्ता (उ)

ब उपभोक्ता से उपभोक्ता

स फर्म से फर्म

द इनमें से कोई नहीं



3 ई-व्यवसाय के किस कार्यक्षेत्र में फर्में ही शामिल है।

अ फर्म से उपभोक्ता

ब फर्म से फर्म (ब)

स उपभोक्ता से उपभोक्ता

द इनमें से कोई नहीं